# समग्र शिक्षा केरल



## SECOND TERMINAL EVALUATION 2024-2025

## दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

**कक्षा 5** **हिंदी** **समय : 2 घंटे**

**सामान्य निर्देशः**

* **पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।**
* **गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।**
* **2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।**

### गतिविधि 1

**सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

पेड़ पर एक गिलहरी रहती थी। उसने एक दिन एक बंदर को देखा। बंदर पेड़ के नीचे बॉल से खेल रहा था। गिलहरी भी उसके साथ खेलने लगी। दोनों खेलते-खेलते तालाब के पास पहुँचे। बॉल तालाब में गिरी। दोनों उदास हो गए।

(क) पेड़ पर कौन रहती थी?

अ) मोरनी आ) तोती

इ) बिल्ली ई) गिलहरी

(ख) एक दिन गिलहरी ने किसको देखा?

अ) भालू आ) बंदर

इ) खरगोश ई) शेर

(ग) बंदर किससे खेल रहा था?

अ) टोपी से आ) कलम से

इ) बॉल से ई) किताब से

(घ) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) गिलहरी और बंदर तालाब के पास पहुँचे।

आ) गिलहरी और बंदर सड़क के पास पहुँचे।

इ) गिलहरी और बंदर बगीचे के पास पहुँचे।

ई) गिलहरी और बंदर घर के पास पहुँचे।

(ङ) बॉल कहाँ गिरी?

अ) नदी में आ) तालाब में

इ) सागर में ई) टोकरी में

## गतिविधि 2

**सूचनाः 'पेड़ का जादू' पाठभाग का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

पेड़ पर देखो। चिड़ियाँ बैठी हैं। चिड़ियों को मैंने नहीं पाला। पेड़ के होने से वे आ गईं।

(क) पेड़ के होने से वे आ गईं। कौन आ गईं?


अ) चिड़ियाँ आ) मछलियाँ

इ) तितलियाँ ई) बिल्लियाँ


(ख) 'पेड़ लगाएँ, हरियाली फैलाएँ' संदेश जोड़कर प्रकृति संरक्षण पर एक **पोस्टर** तैयार करें।

## गतिविधि 3


**सूचना : चित्र देखें और नमूने के अनुसार लिखें।**




चार तितलियाँ

1 

............ फूल

2 

............ पेड़

3 

............ आम

4 

............ गिलहरियाँ

5 

............ मछली

## गतिविधि 4

**सूचनाः 'वर्षा आई' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मेंढक 'टर-टर' ताल लगाते,
झींगुर 'झन-झन' झाँझ बजाते
पपीहा 'पी-पी' गीत सुनाता,
मोर मगन हो, नाच दिखाता।

(क) कविता से तुकांत शब्दवाली दो पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

(ख) सही मिलान करें।

| अ | आ |
|---|---|
| झाँझ बजाता | मोर |
| गीत सुनाता | झींगुर |
| नाच दिखाता | पपीहा |

## गतिविधि 5

**सूचनाः 'हवा और धूल' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

धूल खोजती आँखें मींचे
दाएँ-बाएँ आगे-पीछे
हवा चल रही साँसें खींचे
नीचे-नीचे धूल के नीचे
लगा धूल को कुछ है गड़बड़
धूल धप्प से नीचे आई

(क) कौन धप्प से नीचे आई?


(ख) ये आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

अ) धूल आँखें बंदकर आगे-पीछे और दाएँ-बाएँ खोजती रही।

आ) हवा साँसें खींचकर धूल के नीचे चल रही थी।

**सूचनाः चित्र देखें और सूचना के अनुसार लिखें।**




(क) चित्रों के अनुसार वाक्यों को क्रम से लिखें।

- चोंच बॉल में फँस गई।
- वाह! वाह! कितना मज़ा!
- खुशी और बॉल खेल रही थीं।
- भागो... दोस्तो भागो... एक विचित्र जीव।
- खुशी उदास है।